वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.

दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 3 मई 2020

## -: प्रेस विज्ञप्ति :-

### हंदवाडा में आतंकियों से मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुये जवानो को श्रद्धांजलि

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जम्मू कश्मीर के हंदवाड़ा में पाक प्रायोजित आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद हुए पराक्रमी सैनिकों कर्नल आशुतोष शर्मा, मेजर अनुज सूद, नायक राजेश, लॉन्स नायक दिनेश एवं जम्मू कश्मीर पुलिस के सब-इंस्पेक्टर शकील काज़ी को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करती है। हंदवाड़ा में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों द्वारा एक घर में बंधक बनाए नागरिकों को 21 राष्ट्रीय राइफल्स के कर्नल आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में सुरक्षित निकालने गए दस्ते ने उत्कृष्ट वीरता, सूझ-बूझ का प्रदर्शन करते हुए सभी बंधकों को छुड़ाने में कामयाबी हासिल की तथा दोनों आतंकियों को भी मार गिराया।

ऐसे किसी भी ऑपरेशन में भारतीय सेना का उद्देश्य बिना किसी आम नागरिक को चोट पहुँचाए सुरक्षित बाहर निकलने का होता हैं, जिसमें सेना के जवान अपनी जान की बाज़ी लगाकर ऑपरेशन को अंजाम देते हैं। राष्ट्र सेवा के इस कार्य में अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने जीवन की आहुति देने वाले सभी वीरों के प्रति देश हमेशा कृतज्ञ रहेगा।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "कोरोना से उपजी संकट की इस घड़ी में जहाँ राष्ट्र एक तरफ महामारी से जूझ रहा है, वहीं दूसरी तरफ हमें जेहादी मानसिकता का दंश भी झेलना पड़ रहा है। हंदवाड़ा में कर्नल शर्मा और उनके दल की शहादत की खबर अत्यंत दुखदायी है। हमारी संवेदनाएं सभी शहीदों के परिवार के साथ हैं। जहाँ एक ओर समूचा देश इस क्षति से शोकाकुल है, वहीं समाज के कुछ राष्ट्रद्रोही तत्व आतंकियों की इस कायरतापूर्ण हरकत का जश्न मना रहे हैं। अभविप आशा करता है, देश के बाहर और अंदर, दोनों ओर छुपे शत्रुओं से सरकार कड़ाई से निपटेगी।"

---

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)